Print Media NEWS

Gurukul Global School
विद्या बुद्धिः प्रकाश्यते

Amar Ujala, 15.05.2026

# सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में गुरुकुल ग्लोबल स्कूल चमका

संवाद न्यूज एजेंसी

**मनीमाजरा।** गुरुकुल ग्लोबल स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं 2025-26 में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 18 विद्यार्थियों ने पूर्ण अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की।



अर्नीत सचदेवा

वहीं मानविकी और वाणिज्य संकाय में तीन विद्यार्थियों ने पेंटिंग विषय में 100 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा मास मीडिया, मनोविज्ञान और अकाउंट्स विषयों में दो-दो विद्यार्थियों ने पूर्ण अंक हासिल किए, जबकि गणित और अंग्रेजी में भी एक-एक छात्र ने 100 अंक प्राप्त किए। कॉमर्स स्ट्रीम के छात्र अर्नीत सचदेवा ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया।



भूमिका शर्मा



पुण्या मनोचा

वहीं ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में भूमिका शर्मा और साइंस स्ट्रीम में पुण्या मनोचा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**Print Media NEWS**

The Tribune TIE, 15.05.2026

# Gurukul Global School, Chandigarh

The school is delighted to announce the success of its Class XII students in the CBSE examination 2025-2026, a shining testament to the institution's unwavering pursuit of academic brilliance and holistic education. A commendable number of students have achieved perfect scores of 100. As many as 18 students demonstrated exemplary command in the subject of artificial intelligence, attaining full marks and setting a new benchmark of scholastic achievement in this emerging domain. In Humanities and Commerce streams, three students achieved a perfect 100 in painting, while two students each secured full marks in mass media, psychology and accounts, respectively. One student each scored full marks in mathematics and English. The school is immensely proud to recognise Arnit Sachdeva of the Commerce stream as the overall school topper, with an exceptional aggregate of 98.4%, while Bhumika Sharma (Humanities) and Punya Manocha (Science) brought further honour to the institution by securing an outstanding 97.2% each, respectively.







Print Media NEWS

Gurukul Global School
विद्या बुद्धिः प्रकाश्यते

Amar Ujala, 14.05.2026

# गुरुकुल ग्लोबल स्कूल में मदर्स डे मनाया



कार्यक्रम में भाग लेकर जीती छात्रा अपनी माता के साथ। संवाद

**मनीमाजरा।** गुरुकुल ग्लोबल स्कूल में मदर्स डे पर नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों और उनकी माताओं के लिए ट्रैश टू फैश थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्लैम वॉक, डीआईवाई डिलाइट, लिटिल शेफ्स विद मॉम और रिदम विद मॉम जैसी गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डॉ. दीपा पुरी ने स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर जानकारी साझा की। इस मौके पर स्कूल की प्रेसिडेंट नीना सेतिया, एमडी परवीन सेतिया, प्रिंसिपल उर्वशी कक्कड़ और वाइस प्रिंसिपल रेनू शर्मा मौजूद रहीं। संवाद

Punjab Kesari, 14.05.2026

### सी.बी.एस.ई. 12वीं का परिणाम: सरकारी स्कूलों का रिजल्ट रहा 87.25 फीसदी

# सरकारी स्कूलों का 12वीं रिजल्ट राष्ट्रीय औसत से बेहतर, अनूप बने ट्राईसिटी टॉपर

चंडीगढ़, 13 मई (आशीष): सी.बी.एस.ई. 12वीं कक्षा के परिणाम में चंडीगढ़ के सरकारी स्कूलों का पास फीसद पिछले साल की अपेक्षा कुछ कम रहा, लेकिन ये परिणाम देश की राष्ट्रीय औसत से ज्यादा रहा।

चंडीगढ़ के सरकारी स्कूलों का रिजल्ट 87.25 फीसदी रहा, जबकि पिछले साल यह 88.79 फीसदी था। इस साल परिणाम में 1.54 प्रतिशत अंकों की गिरावट आई।

राहत की बात ये है कि राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी स्कूलों का परिणाम 85.2 फीसदी रहा, जो चंडीगढ़ के 87.25 से 2.05 फीसदी कम है। जी.एम.एस.एस.एस. 35 के अनूप सैनी ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर ट्राईसिटी के टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर और यू.टी. में पास प्रतिशत में आई गिरावट का कारण सख्त और दक्षताआधारित मूल्यांकन प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अवधारणात्मक समझ पर बढ़ा जोर और उत्तर पुस्तिकाओं के डिजीटल मूल्यांकन यानी ऑन स्क्रीन मार्किंग प्रणाली को माना जा सकता है। यह प्रवृत्ति रटने की पद्धति से हटकर अनुप्रयोग आधारित मूल्यांकन की दिशा में बदलाव को दर्शाती है।

सैक्टर-13 स्थित गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के 12वी के छात्रों की शानदार सफलता हासिल की है। बड़ी संख्या में छात्रों ने 100 का स्कोर किया है।



*टॉपर अनूप को मिठाई खिलाते परिवार वाले।* (राणा)

## पिता हैड कांस्टेबल, बेटा बना ट्राईसिटी टॉपर

**अनूप** आई.टी. जे.ई.ई. एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किताबी कीड़ा बनने की बजाय परीक्षा के दिनों में 12 घंटे तक पढ़ाई के साथ 10 वर्ष के सैम्पल पेपर सॉल्व किए। मां रानी देवी गृहिणी व पिता फूला राम चंडीगढ़ पुलिस में हैड कांस्टेबल हैं। वे आई.आई.टी. दिल्ली या मुम्बई में दाखिला लेना चाहते हैं। एन.सी.ई.आर.टी. बुक्स को पढ़ा, थ्योरी कवर थी, बस पेपर कैसे अटेंड करना है।

**कॉमर्स**



**अंशिका**
(98.6%)

**सैंट** कबीर पब्लिक स्कूल-26 की अंशिका भाटिया और भवन विद्यालय की छात्रा सेवनी ने कॉमर्स में 98.6 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

## नीट की तैयारी कर रहे हैं ऋषित

**गुरु** नानक पब्लिक स्कूल-36 में मैडीकल संकाय के छात्र ऋषित सिंगला ने 98.4 फीसदी अंक हासिल किए हैं। ऋषित ने बताया कि परिवार में सभी डॉक्टर होने के कारण बचपन से इस क्षेत्र में रुचि रही। हर रोज 8 से 10 घंटे पढ़ाई की और नीट की भी परीक्षा दी है। अब परीक्षा कैंसिल होने की वजह से दोबारा तैयारी कर रहा हूं। मेरे पिता डॉ.एम.के.सिंगला और मां डॉ.मोनिका है।

## सिविल सर्विसिस क्लियर करना लक्ष्य

**डी.पी.एस.40** की संचिता पॉल ने आर्ट्स में 98.8 फीसदी अंक हासिल किए है। उन्होंने बताया कि सिविल सर्विसिस में जाना सपना है। पिता परमिंदर कुमार वेरका चंडीगढ़ प्लांट में जनरल मैनेजर हैं। मां पुष्पा रानी बी.एस.एफ. में फिजिशयन थीं, लेकिन अब वी.आर.एस. ले चुकी हैं। संचिता ने कहा कि 11वीं कक्षा से ही वह कंसेप्ट को ध्यान से समझने को जोर देती आई है।

**Print Media NEWS**

**The Tribune TIE, 13.05.2026**



## Gurukul Global School, Manimajra

The school organised its investiture ceremony for the academic session 2026–27, formally entrusting responsibilities to the newly elected Student Council. The chief guest was SP Arora (IAS officer). The ceremony was attended by Managing Director Parveen Setya, Principal, Vice-Principal, faculty members, and students. The programme commenced on a spiritual note with the chanting of the 'Gayatri Mantra' and an English prayer, creating a serene and auspicious atmosphere. A major highlight of the event was the conferring of badges and sashes on the newly elected Student Council members. Kashvi Gulati was appointed as the Head Girl, while Suvansh Sharma assumed the responsibility of Head Boy. The council also included the Editor-in-Chief, School Captains, Cultural Captains, and Discipline Captains, who pledged to uphold the values, discipline, and dignity of the institution. The House Council was also formally inducted during the ceremony. Badges were presented to the Senior House Captains, Senior Vice-Captains, Senior Prefects, Prefects, Junior House Captains, and Junior Vice-Captains. Each student leader solemnly took an oath to discharge their duties with sincerity, dedication, and integrity. Addressing the gathering, chief guest SP Arora motivated the students to lead with responsibility, confidence, and commitment, encouraging them to become role models for their peers. The Principal congratulated the newly appointed council members and highlighted the significance of teamwork, discipline, and effective leadership in shaping a progressive school environment. The ceremony concluded on a note of pride, enthusiasm, and motivation, marking the beginning of a promising journey of student leadership and service for the session 2026–27.

**Print Media NEWS**

Gurukul Global School
विद्या बुद्धिः प्रकाश्यते

The Times of India, 11.05.2026

# Student council inducted at investiture ceremony




Gurukul Global School organised its Investiture Ceremony for the academic session 2026-27, with S P Arora, IAS, as chief guest and managing director Parveen Setya in attendance. Kashvi Gulati was appointed head girl and Suvansh Sharma as head boy, with the house council also formally inducted during the ceremony. Arora encouraged students to lead with responsibility, while the principal highlighted the importance of teamwork and discipline.

# Print Media NEWS

Gurukul Global School
विद्या बुद्धिः प्रकाश्यते

**Hindustan Times PACE, 08.05.2026**

# Student council appointed, young leaders take charge at Gurukul



**CHANDIGARH :** The school proudly organised its Investiture Ceremony for the academic session 2026–27, formally entrusting responsibilities to the newly elected Student Council. The occasion was graced by the esteemed chief guest, SP Arora (IAS), whose distinguished presence added inspiration and dignity to the event. Having served in prominent administrative positions, including sub-divisional magistrate and advisor to the administrator, UT Chandigarh, Arora is presently practicing as an advocate at the Punjab & Haryana High Court.

The ceremony was attended by the managing director, Parveen Setya, the principal, vice principal, faculty members, and students. The programme commenced on a spiritual note with the chanting of the Gayatri Mantra and an English prayer, creating a serene and auspicious atmosphere.

A major highlight of the event was the conferring of badges and sashes upon the newly elected Student Council members. Kashvi Gulati was appointed as the Head Girl, while Suvansh Sharma assumed the responsibility of Head Boy. T

Addressing the gathering, chief guest SP Arora motivated the students to lead with responsibility, confidence, and commitment, encouraging them to become role models for their peers.

The principal congratulated the newly appointed council members.

**Punjab Kesari, 17.04.2026**

# गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन







चंडीगढ़, 16 अप्रैल (आशीष): सैक्टर-13 स्थित गुरुकुल ग्लोबल स्कूल ने विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में शानदार उपलब्धियों की घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और अटूट समर्पण का परिचय देते हुए कक्षा दसवीं में नायशा पहल ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद शुभी गर्ग ने 99.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा सिया गुप्ता ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस वर्ष कुल 128 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 33 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 70 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की निरंतर उत्कृष्टता और उच्च शैक्षणिक स्तर को सिद्ध किया। 29 विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त 6 विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान में, 3 विद्यार्थियों ने गणित में तथा 1 विद्यार्थी ने विज्ञान विषय में पूर्ण अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। एम.डी. परवीन सेतिया ने कहा कि विद्यार्थियों उनके अभिभावकों और शिक्षकों को इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रिंसीपल उर्वशी कक्कड़ ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अत्यंत गर्व है।

शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम और निरंतर सहयोग की सराहना करती हूँ, जिन्होंने विद्यार्थियों को उनकी सर्वोच्च क्षमता तक पहुँचने में सक्षम बनाया।

## Print Media NEWS

Gurukul Global School
विद्या बुद्धिः प्रकाश्यते

**Amar Ujala, 17.04.2026**

# गुरुकुल स्कूल का शानदार रहा रिजल्ट



नायशा पहल



शुभी गर्ग



सिया गुप्ता

**मनीमाजरा।** गुरुकुल ग्लोबल स्कूल ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा 2025-26 में बेहतरीन प्रदर्शन किया। नायशा पहल ने 99.6% अंक लेकर पहला, शुभी गर्ग ने 99.2% के साथ दूसरा और सिया गुप्ता ने 99% अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। 128 विद्यार्थियों में से 33 ने 95% से अधिक और 70 ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किए। 29 छात्रों ने एआई में 100 अंक हासिल किए। संवाद

**Dainik Bhaskar, 16.04.2026**

# सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट

## गुरुकुल ग्लोबल स्कूल- 13 की नायशा के 99.6% अंक

**चंडीगढ़।** गुरुकुल ग्लोबल स्कूल सेक्टर-13 की क्लास 10 के रिजल्ट में



स्टूडेंट्स ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की छात्रा नायशा पाहल ने 99.6% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल मैनेजमेंट ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य स्टूडेंट्स के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। टीचर्स ने भी नायशा की लगन और निरंतर प्रयासों की सराहना की।

Print Media NEWS

Gurukul Global School
विद्या बुद्धिः प्रकाश्यते

## The Tribune, 05.04.2026

### GURUKUL SCHOOL, MANI MAJRA

**Chandigarh:** Gurukul School, Mani Majra, formally ushered in the new academic session with a meticulously conducted morning assembly, radiating enthusiasm and renewed commitment to learning. The proceedings began with a solemn invocation, followed by a concise news briefing and an articulate discourse on student life, emphasising discipline, perseverance, and intellectual growth. A lively role play, 'A School Time-Traveller Adventure', added a creative and humorous dimension, highlighting the enduring significance of schools and their role in shaping individuals. Students also presented a reflective segment on the implications of a world without educational institutions, underlining their indispensable contribution to societal progress.

## Punjab Kesari, 04.04.2026

### नए शैक्षणिक सत्र का पहला दिन



चंडीगढ़ (आशीष): सैक्टर-13 स्थित गुरुकुल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन विद्यालय में एक उत्साहपूर्ण प्रात कालीन सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई। इसके बाद समाचार वाचन और छात्र जीवन पर संक्षिप्त विचार में अनुशासन, मेहनत और अच्छे आचरण के महत्व को बताया गया। सभा का मुख्य आकर्षण ए स्कूल टाइम-ट्रैवलर एडवेंचर रोचक नाट्य प्रस्तुति रही। (परमजीत)

**Print Media NEWS**

Gurukul Global School

विद्या बुद्धिः प्रकाश्यते

Amar Ujala, 04.04.2026

# नए शैक्षणिक सत्र का आगाज, दिखा उत्साह



**नए सत्र में पहुंचे बच्चे।** संवाद

**मनीमाजरा।** नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस पर विद्यालय में उत्साहपूर्ण प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। इसके बाद समाचार वाचन और छात्र जीवन पर संक्षिप्त विचार प्रस्तुत किए गए, जिसमें अनुशासन, मेहनत और अच्छे आचरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सभा का मुख्य आकर्षण ए स्कूल टाइम-ट्रैवलर एडवेंचर नामक रोचक नाट्य प्रस्तुति रही। इसमें विद्यालयों के महत्व और जीवन में उनकी भूमिका को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया गया। छात्रों ने यह भी दर्शाया कि यदि विद्यालय न हों तो समाज और आने वाली पीढ़ियों पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा। संवाद